Headline: ‘NSE Investor Fair’ promotes Investment culture	
Source: Dainik Bhaskar	**Date:** 17 September 2017

निवेश संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा है ‘एनएसई निवेशक मेला’

सिटी रिपोर्टर | बीकानेर

आमजन में वित्तीय साक्षरता और जागरूकता लाने का मुख्य उद्देश्य ही एनएसई निवेशक मेला 2017 का आयोजन है। ये बात केंद्रीय राज्य जल संसाधन मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कही। मौका था रानी बाजार स्थित पार्क पैराडाइज होटल में आयोजित एनएसई निवेशक मेला 2017 का। इस दिन हुए वित्तीय साक्षरता सेशन और क्विज में दो हजार से अधिक कॉलेज व स्कूल के स्टूडेंट ने हिस्सा लिया। जहां केंद्रीय राज्य मंत्री मेघवाल ने कहा कि यह प्रोग्राम पूर्ण रूप से एनएसई एकेडमी द्वारा डिजाइन किया गया है। जो डिजिटल इंडिया की दिशा की ओर बढ़ाया गया कदम है। मेले में भागीदारी से स्टूडेंट, उद्योग जगत व लघु एवं मझौले उद्यमियों को वित्तीय संसाधनों से रूबरू करवाने का ये अच्छा प्लेटफार्म है। जो सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाएगा। एनएसई एकेडमी के सीईओ रवि वाराणसी ने कहा कि इसके जरिए निवेश की संस्कृति को बढ़ावा देना है। वित्त बाजार के क्षेत्र में करियर बनाने का विकल्प उपलब्ध करवाना है। मेले में पूंजी जुटाने के लिए आज्ञापत्रों पर हस्ताक्षर किए गए। इस दौरान ब्रोकर्स, स्वतंत्र वित्तीय सलाहकार, सीए, मर्चेंट बैंकर्स सहित वित्त से जुड़े संस्थाओं की भी भागीदारी देखने को मिली।

एनएसई इन्वेस्टर मीट में सम्मनित करते केन्द्रीय मंत्री।

एनएसई के ब्रोकर्स ने लगाए स्टॉल : मेले में स्टूडेंट और लघु एवं मध्यम उद्योगों से जुड़े उद्यमियों ने रूचि दिखाई। यहां लगे स्टॉल पर एनएसई के बारे में विस्तार से उसकी उपलब्धियों की जानकारी दी गई। एनएसई देश में इलेक्ट्रॉनिक या स्क्रीन बेस्ड ट्रेडिंग की सेवा करने वाला पहला एक्सचेंज बना था। इसके पास पूर्ण एकीकृत बिजनेस मॉडल है। यह बाजार भागीदारों और ग्राहकों को हाई क्वालिटी डाटा और सर्विस देने के लिए ट्रेडिंग व नॉन ट्रेडिंग दोनों बिजनेस में इनोवेशन का सहारा लेता है।